>

Title: Need to upgrade N.H. 29 (E) between Gorakhpur & Sonauli.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : अध्यक्ष महोदय, नेपाल भारत का निकटतम पड़ोसी मित्र राष्ट्र है। उत्तर प्रदेश को नेपाल से जोड़ने को प्रमुख मार्ग गोरखपुर होते हुए सोनौली तक जाता है। इस मार्ग के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व को देखते हुए वर्ष 2003 में भारत सरकार ने इसे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 29(ई) के रूप में मान्यता दी। इस राजमार्ग के कि0मी0 86 पर गोरखपुर महानगर से लगा महेसरा सेतु 14 अगस्त, 2007 को तीसरी बार क्षतिग्रस्त हो गया था। तब से यातायात लगातार बाधित है। यद्यपि संसद में बार बार उठाने के फलस्वरूप इस सेतु के मरम्मत आदि के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय ने आवश्यक धनराशि स्वीकृत की है, परन्तु इस स्थान पर एक नए सेतु का निर्माण आज की आवश्यकता है। साथ ही गोरखपुर-सोनौली राजमार्ग बौद्ध परिपथ के अंतर्गत आता है जिसमें भगवान बुद्ध से जुड़े तीर्थस्थल प्रमुखता से आते हैं, इसके अतिरिक्त लाखों देशी विदेशी पर्यटक प्रतिवर्ष यहां से आते जाते हैं। इसलिए इस मार्ग का उच्चीकरण अत्यंत आवश्यक है।

कृपया महेसरा पर नए सेतु के निर्माण तथा गोरखपुर-सोनौली राजमार्ग के चौड़ीकरण एवं उच्चीकरण के कार्य को अविलम्ब प्रारंभ किया जाये।